दिनांक 15 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मॉर्निंग विजिट में निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने शौचालय का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। मॉर्निंग विजिट में निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आकाशगंगा स्थित शौचालय का औचक निरीक्षण किया! निगमायुक्त प्रातः 6:00 बजे आज आकाशगंगा सुपेला पहुंचे उन्होंने शौचालय में केयरटेकर , पानी, बिजली, सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत भिलाई निगम में सफाई व्यवस्था को लेकर जन जागरूकता प्रचार-प्रसार किया जा रहा है , जगह-जगह वॉल पेंटिंग से स्वच्छता के प्रति संदेश दिया जा रहा है! नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सड़क , नालियों की सघन सफाई करने के साथ ही रहवासी क्षेत्रों से कचरे का उठाव शीघ्रता के साथ किया जा रहा है। वार्डों के भीतर सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई निगम को उत्कृष्ट स्थान पर लाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् सफाई कार्य करने के निर्देश दिए हैं। निगम क्षेत्र में अल सुबह सफाई कर्मी अपने कार्य पर जुट रहे है, जिसका निरीक्षण करने सभी जोन के अधिकारी सुबह से ही अपने-अपने क्षेत्रों में रोजाना सड़क , नालियों और शौचालयों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं, इसके साथ ही क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर निराकरण कर रहे है। प्रतिदिन बाजार क्षेत्रों में सुबह के अलावा रात में सफाई कराई जा रही है। सड़क के किनारे तथा सार्वजनिक क्षेत्रों में बिखरे हुए झिल्ली , पन्नी के कचरे का उठाव भी किया जा रहा है , ताकि कचरा नालियों में जाम न हो। निगम प्रशासन शहर की साफ सफाई व्यवस्था को चाक चैबंद करने में जुटा है। सुबह से सफाई कार्य में जुटे हुए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने निगम के अधिकारी प्रतिदिन मौके पर पहुंचकर कार्याे का निरीक्षण भी कर रहे है! मोहल्लों के बीचों बीच कचरा पाइंट को समाप्त कर रहे है। आज सुबह जोन 01 आयुक्त सुनील अग्रहरि ने जोन क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किए! स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी के अनुक्रम में राधिका नगर में स्लाॅटर हाउस के पीछे गली में नाली सफाई कार्यो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जोन 03 आयुक्त प्रीति सिंह ने स्वच्छता पखवाड़ा के मापदंडों के अनुरूप निगम क्षेत्र में सफाई कार्य, कचरे का उठाव तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने सुभाष सब्जी मंडी, जवाहर मार्केट, अहमद नगर, सूर्या नगर के शौचालय सहित जोन के विभिन्न क्षेत्रों का जोन स्वास्थ्य अधिकारी के साथ निरीक्षण किया।

स्वच्छ भारत मिशन
क्या करें :
क्या नहीं करें :
पुरुष